धनबाद, बुधवार
21 फरवरी 2018
आसनसोल
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14

# दैनिक जागरण



www.jagran.com
प. बंगाल, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित

मेजबानों पर एक और हमला } 12
प्रिया की याचिका पर आज होगी सुनवाई } 13



# परिश्रम से ही मिलेगी जीवन में सफलता

**जागरण संवाददाता, आसनसोल :** आसनसोल स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल का आसनसोल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सत्र 2016-17 के दौरान शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को मेरिट सर्टिफिकेट व स्कॉलर बैज देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में उपस्थिति के प्रति छात्रों को जागरूक करने के उद्देश्य से शत-प्रतिशत उपस्थित रहने वाले छात्रों को भी प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पुरस्कृत छात्रों के अभिभावक भी उपस्थित रहे। लगभग 200 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने प्रतिभाशाली छात्रों को प्रमाणपत्र और प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही पुरस्कृत छात्रों को शुभकामनाएं तथा




प्रमाणपत्र देते प्रधानाचार्य आरडी शर्मा

- **वेहतर प्रदर्शन करनेवाले डीपीएस में 200 छात्र सम्मानित**

भविष्य में इसी प्रकार उपलब्धियां प्राप्त करने की प्रेरणा दी। पुरस्कार से वंचित छात्रों को भी हतोत्साहित होने की अपेक्षा इससे एक नई सीख लेकर आगामी वर्षों में इस कड़ी का हिस्सा बनने हेतु प्रोत्साहित किया। समारोह में अभिभावकों, अध्यापकों तथा छात्रों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ शिरकत की।